बिहार सरकार
आपदा प्रबंधन विभाग

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक–14.08.2017

वर्षा की निरन्तरता के कारण पूर्णियाँ, अररिया एवं किशनगंज में अभी भी बाढ की स्थिति बनी हुई है। हालांकि वर्षा में तुलनात्मक कमी होने के कारण किशनगंज में जलस्तर में कमी आयी है। साथ ही साथ राज्य में अन्य जिले कटिहार, पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चम्पारण एवं सीतामढ़ी जिले में भी बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है।

राज्य सरकार के द्वारा पूरे राज्य में बाढ़ प्रभावित इलाकों में NDRF की कुल 16 (690 जवान 72 नाव) टीम एवं SDRF की कुल 13 (440 जवान, 72 नाव) टीम को प्रतिनियुक्त प्रभावित इलाकों में फँसे लोगों को युद्ध स्तर पर सुरक्षित निकालने की कार्रवाई की जा रहा है। इसके अलावा NDRF की 6 टीम आज लगभग 11.30 बजे पूर्वा0 में पटना हवाई अड्डे पर पहुँच रही है, जिनमें से 3 टीम सीतामढ़ी 1 टीम बगहा, 1 टीम गोपालगंज एवं 1 टीम को मुजफ्फरपुर में प्रतिनियुक्ति किया गया है।

सेना की एक टुकड़ी कल दिनांक–13.08.2017 के रात्री में ही दानापुर से किशनगंज पहुँच गयी है। साथ ही साथ झारखंड से सेना की तीन कॉलम आज दिनांक–14.08.2017 को झारखंड से पूर्णियाँ हवाई अड्डे पहुँची है, जिसे कटिहार में प्रतिनियुक्त किया गया है।

सेना की तीन अतिरिक्त टुकड़ी की अधियाचना की गयी है, जो दरभंगा में Land करेगी। इन टुकड़ियों को पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण एवं सीतामढ़ी में प्रतिनियुक्ति की कार्रवाई की गई है।

बाढ़ की गंभीर स्थिति को देखते हुए माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के द्वारा बाढ़ प्रभावित जिलों का हवाई सर्वेक्षण किया जा रहा है।